कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/मा./खेलकूद–2/35035/2016–17 दिनांकः– 25/11/2022

1. जिला शिक्षा अधिकारी(मु0),
   माध्यमिक शिक्षा,
   ....

स्मरण पत्र–2

2. प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक
   राउमावि/मावि,
   ....

अत्यावश्यक

विषयः– नए शामिल खेलों के रेफरी क्लिनिक आयोजन हेतु पूल मद से आहरण हेतु अधिकृति तथा संबंधितो द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने बाबत।

प्रसंगः– इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/खेलकूद–4/प्रतिनियुक्ति/2022–23 दिनांक 22.07.2022 तथा बजट अनुभाग के पत्र क्रमांक शिविरा–माध्य/बजट/बी–1/25057/2022–23/दिनांक 28.7.2022 व दिनांक 29.07.2022 व 19.10.2022 के क्रम मे।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में नए शामिल खेलों के रेफरी क्लिनिक आयोजन हेतु सत्र 2022–23 मे प्रासंगिक प्रति आयोजन स्थल (कुल 30 आयोजन स्थल) पर प्रशिक्षण संबंधी विविध व्यय हेतु राशि रू. 15000/–**(अखरे रूपये पन्द्रह हजार मात्र)** कुल (15000 X 30) राशि रू. 4.50 लाख रूपये **(अखरे रूपये चार लाख पचास हजार मात्र)** का बजट पूल मद से **लेखामद–2202–02–109–27–01 के उपमद 57(राज्य निधि)** के अंतर्गत आहरण हेतु अधिकृती जारी की गई थी।

इस संबंध मे आयोजक राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान तथा आयोजक निजी विद्यालयों की स्थिति में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मु0), माध्यमिक शिक्षा को आदेशित किया गया था कि **इस कार्यालय द्वारा जारी की गई अधिकृति की सीमा तक ही व्यय किया जाकर बिल/वाउचर संबंधित कोषालय मे प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावे।**

साथ ही आयोजक राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान को आदेशित किया गया था कि उक्तानुसार **उपयोगिता प्रमाण पत्र 03 दिवस में स्वयं के द्वारा, संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मु0), माध्यमिक शिक्षा द्वारा तथा वहां पदस्थापित लेखाकार्मिक से प्रमाणित करवाकर** अद्योहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्रस्तुत करे तथा आयोजक निजी विद्यालयों की स्थिति में संबंधित जिला शिक्षा **अधिकारी (मु0), माध्यमिक शिक्षा** उपयोगिता प्रमाण–पत्र आयोजक संस्था प्रधान से प्राप्त कर **आप व कार्यालय मेपदस्थापित लेखाकार्मिक से प्रमाणित करवाकर** अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें परन्तु आज दिनांक तक वांछित सूचना अप्राप्त है।अतः पुनः आदेशित किया जाता है कि **03 दिवस** के भीतर उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें। अन्यथा आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेवारी आप स्वयं की होगी।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/मा./खेलकूद–2/35035/2016–17 दिनांकः– 25/11/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
2. सिस्टम एनालिस्ट,(संयुक्त निदेशक) को विभागीय वेबसाइट पर जारी करने हेतु।
3. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Rajasthan Education Department